# बॉलीवुड

## सिनेमा से
● रिपोर्टर

### दंगल का रिकॉर्ड तोड़ने चला पुष्पा तब आमिर को आई बधाई देने की याद, अल्लू अर्जुन ने दिया ये जवाब



**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस ने हाल ही में पुष्पा 2: द रूल की टीम को इसकी ब्लॉकबस्टर सक्सेस के लिए बधाई दी। 31 दिसंबर को आमिर खान प्रोडक्शंस ने एक्स पर एक मैसेज शेयर किया। इसमें आमिर खान ने अपनी तरफ से पुष्पा की पूरी टीम को बधाई दी। इस मैसेज में लिखा था, 'एकेपी की तरफ से पुष्पा: द रूल की पूरी टीम को फिल्म की ब्लॉकबस्टर सक्सेस के लिए बहुत-बहुत बधाई! आपको इस कंटीन्यूअस सक्सेस के लिए बधाई। प्यार। टीम एकेपी।' इसके जवाब में अल्लू अर्जुन ने भी जवाब दिया और आमिर खान प्रोडक्शंस को उनकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। पुष्पा 2 के प्रोड्यूसर माइथ्री मूवी मेकर्स ने भी बधाई नोट को एक्सेप्ट करते हुए कहा कि फिल्म की सक्सेस भारतीय सिनेमा की कैपेबिलिटी को दिखाता है।

### केआरके के सिक्योरिटी गाड्‌र्स ने कपिल शर्मा को मारा था थप्पड़! कमाल खान ने किया चौंकाने वाला दावा



**मुंबई।** मीका सिंह ने कुछ दिन पहले एक इंटरव्यू में दावा किया था कि कपिल शर्मा ने केआरके उर्फ कमाल आर खान के घर जाकर खूब हंगामा किया था। कपिल ने केआरके के घर के शीशे तोड़ डाले थे। अब केआरके ने अपना पक्ष बताया है। केआरके के मुताबिक, कपिल शर्मा और मीका सिंह नशे की हालत में उनके मुंबई वाले घर पहुंचे थे। यही नहीं, उनके सिक्योरिटी गार्ड ने कपिल शर्मा को थप्पड़ तक मारा था। केआरके के मुताबिक, मीका सिंह ने अगली सुबह उनसे माफी मांगी थी। केआरके के मुताबिक, वह और मीका पड़ोसी हैं। इसलिए वह उनके घर गए और खूब क्लास लगाई। केआरके ने मीका सिंह को चेतावनी दी कि वह दोबारा ऐसी गलती न करें।

## नए लुक में बेटी पलक से ज्यादा जवान लगीं 44 साल की

# श्वेता तिवारी

## फिटनेस ने खींच लिया सबका ध्यान



● मंथन संवाददाता

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी उन हसीनाओं में से एक हैं, जो उम्र के इस पड़ाव में भी बोल्ड रिस्की कपड़े एकदम बिंदास होकर पहनती हैं। दो बच्चों की मां होने के बाद भी श्वेता का कॉन्फिडेंस ऐसा है, जिसे कॉपी करने के लिए तगड़ी हिम्मत चाहिए।

सोनम कपूर अगर बॉलीवुड की फैशननिस्टा हैं, तो श्वेता तिवारी को टेली टीवी वर्ल्ड की ग्लैम क्वीन कहना गलत नहीं होगा। ऐसा इसलिए 44 साल की श्वेता का स्टाइल बहुत ही वर्सटाइल-एक्सपेरिमेंटल और क्लासी है। इंडियन हो या वेस्टर्न या फिर स्ट्रीट स्टाइल वह हर तरह के आउटफिट्स को इस तरह कैरी करती हैं, कि उनका हर लुक रैंप-रेडी लगता है। उनकी सेक्सी अपील को देखकर लोग यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि दो बच्चों की मां बनने के बाद भी उन्होंने खुद को कैसे इतना मैंटेन करके रखा है। हालांकि, इस पर्सनैलिटी के लिए श्वेता ने काफी मेहनत की है, जिसे वह अब कॉन्फिडेंस के साथ फ्लॉन्ट भी करती हैं। हां, वो बात अलग है कि पिछले कुछ समय में श्वेता तिवारी का अंदाज कुछ ज्यादा ही बोल्ड होता जा रहा है।

दरअसल, श्वेता तिवारी ने अपने हॉट फोटोशूट से जुड़ी कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की थीं, जिसमें उन्होंने अपने लिए ऐसे कपड़े सिलेक्ट किए, जिसमें बनी डीप नेकलाइन एक तो उनके ओवरऑल लुक में ग्लैमर-सेक्सीनेस और बोल्डनेस का तड़का लगा रही थी बल्कि रिवर्स इफेक्ट देते हुए लोगों का ध्यान उनकी लोअर बॉडी पर खींच रही थीं।

# अनोखी ख़बरें

## अब गिनीज बुक ने भी माना लद्दाख में बनी सड़क दुनिया में सबसे ऊंची



लद्दाख में बीआरओ की ओर से बनाई गई सड़क को अब दुनिया की सबसे ऊंची सड़क मान लिया गया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसको मान्यता दे दी है। रिकॉर्ड बुक में सड़क का नाम दर्ज कर लिया गया है। लद्दाख के उमलिंग्ला दर्रे पर समुद्रतल से 19,024 फीट की ऊंचाई पर सड़क का निर्माण किया गया है। गिनीज बुक के पांच सदस्यों की टीम ने करीब चार महीने तक इस सड़क का सर्वेक्षण किया। इसके बाद अपनी रिपोर्ट दी।

**बोलिविया की सड़क को पीछे छोड़ा:** उलमिंग्ला दर्रे की यह 15 किलोमीटर लंबी सड़क रिकॉर्ड बनाने में कामयाब रही। इससे पहले सबसे ऊंची सड़क का रिकॉर्ड बोलिविया की उतरुंकू ज्वालामुखी से जोड़ने वाली सड़क के नाम था। यह सड़क समुंद्र तल से 18,953 किलोमीटर की ऊंचाई पर अवस्थित है।

**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का ट्वीट:** केंद्रीय पथ परिवहन और हाइवे मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट कर पूरे उमलिंग्ला दर्रे की सड़क के गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीआरओ आने वाले समय में इस प्रकार के अन्य रिकॉर्ड बनाएगा, ऐसी उम्मीद हम करते हैं। वहीं, केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी ट्वीट कर इस संबंध में कहा कि विश्व की सबसे ऊंची सड़क अब उमलिंग्ला सड़क हो गई है। उमलिंग्ला सड़क की ऊंचाई एवरेस्ट चोटी के उत्तरी व दक्षिणी आधार शिविरों से भी ऊंची है। अधिकारियों का कहना है कि उमलिंग्ला में सड़क निर्माण मानव व मशीन दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा। यहां तापमान मानस 40 डिग्री तक गिर जाता है। ऑक्सीजन का स्तर भी सामान्य से 50 फीसदी कम हो जाता है।

## दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है एन्जेल फॉल्स



यह दुनिया का सबसे ऊंचा निर्झर (झरना) है, जिसकी ऊंचाई 979 मीटर है। यह वेनेजुएला की चुरुम नदी पर स्थित है। एन्जेल फॉल्स इतना ऊंचा है कि गिरते समय इसका काफी पानी तेज हवा के साथ मिल कर छोटी-छोटी बूंदों में बदल जाता है। और हवा में ही उड़ता रहता है। भारत का सबसे ऊंचा कुंचिकल झरना हैं । जिसकी ऊंचाई 455 मीटर (1,493 फीट) है। भारत के अन्य जल-प्रपातों की तुलना में कहीं अधिक है। भारत का सबसे ऊँचा झरना कुंचिकल झरना कर्नाटक के शिमोगा जिले में अगुम्बे के पास स्थित है। जिसका निर्माण वाराही नदी से होता। यह विश्व में 116वें स्थान पर है।वहीं यह एशिया का दूसरा सबसे बड़ा झरना है। जवाब पसंद आए तो अपवोट जरूर कीजिएगा।

# खेल-खिलाड़ी

## गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट में नीतीश रेड्डी को हार्दिक से बेहतर बताया



**नई दिल्ली।** गावस्कर ने नीतीश की तुलना हार्दिक से करते हुए कहा कि शुरुआती दिनों में हार्दिक की तुलना में नीतीश ज्यादा बेहतर हैं। गावस्कर ने एक स्पोर्ट्स वेबसाइट के लिए अपने कॉलम में लिखा, मेलबर्न टेस्ट ने भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली युवा सितारों में से एक नीतीश कुमार रेड्डी को सामने ला दिया। आईपीएल में हैदराबाद फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने प्रथम श्रेणी ज्यादा प्रभावित नहीं किया था, लेकिन अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को श्रेय देना होगा क्योंकि उन्होंने नीतीश को टेस्ट क्रिकेट में मौका दिया।

नीतीश ने पर्थ और एडिलेड में 40 रन से ज्यादा की पारी खेली थी, लेकिन मेलबर्न में उन्होंने पहली बार 50+ स्कोर किया और फिर उसे शतक में बदलने में सफल रहे। नीतीश इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में शतक लगाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए थे। उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर और ऋषभ पंत हैं। नीतीश के लिए यह शतक इसलिए भी खास था क्योंकि उस वक्त उनके पिता मुतयाला रेड्डी दर्शक दीर्घा में मौजूद थे। गावस्कर ने कहा, पर्थ में अपने डेब्यू मैच में इस बात के सबूत मिले थे कि नीतीश ऐसे क्रिकेटर हैं जो परिस्थिति को समझकर उस हिसाब से खेलते हैं। हर टेस्ट मैच के साथ यह प्रभाव दिखने लगा कि उनका कंधा हर दिन मजबूत होता जा रहा है।

## भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया

### जिम्बाब्वे के खिलाफ अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने ऐतिहासिक 246 रन बनाए

## मेलबर्न टेस्ट में उलझे रहे फैन, उधर अफगानिस्तान ने ठोक डाले 699 रन, कप्तान ने बना डाला सबसे बड़ी पारी का रिकॉर्ड

● मंथन विदेश ब्यूरो

**बुलावायो।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया मेलबर्न टेस्ट काफी चर्चा में रहा। दो हाई प्रोफाइल टीम के बीच हुई टक्कर के नतीजे पर सबकी नजर थी। पांचवें दिन आखिरी सेशन के खेल में मेजबान टीम ने बाजी पलटते हुए मैच को अपने नाम किया। भारत 5 मैचों की सीरीज में 1-2 के पीछे हो गया। एक तरफ बॉक्सिंग डे टेस्ट पर सब चर्चा करने में लगे थे दूसरी तरफ अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे टेस्ट के दौरान रनों के पुराने रिकॉर्ड टूट गए।

जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान के बीच बुलावायो में खेला गया टेस्ट मैच आखिरी दिन ड्रॉ पर खत्म हुआ। पहले टेस्ट मैच का



रोमांचक अंत 30 दिसम्बर को हुआ जिसमें दोनों टीमों ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया। जिम्बाब्वे ने अपनी पहली पारी में 586 रन बनाए, जो उनका अब तक का सबसे बड़ा टेस्ट स्कोर है। इससे पहले उनका सबसे बड़ा स्कोर 2001 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 563/9 था। अफगानिस्तान ने इसका जवाब 699 रन बनाकर दिया जो उनका अब तक का सबसे बड़ा टेस्ट स्कोर है। इससे पहले उनका सबसे बड़ा स्कोर 2021 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 545/4 था।

**कप्तान की ऐतिहासिक पारी**

अफगानिस्तान की पारी में कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने ऐतिहासिक 246 रन बनाए जो इस टीम के किसी भी बल्लेबाज का सबसे बड़ा स्कोर है। रहमत शाह ने 234 रन बनाए। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 364 रनों की साझेदारी की। यह अफगानिस्तान के टेस्ट इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। शाहिदी के 246 रन उनके पिछले सर्वश्रेष्ठ 200 रन के रिकॉर्ड को पार कर गए जो उन्होंने अबू धाबी में जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाए थे। विकेटकीपर अफसर जजई ने भी 113 रनों की पारी खेलकर अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया, जिससे अफगानिस्तान की पहली पारी और मजबूत हो गई।

**बेनतीजा रहा टेस्ट मैच:** जिम्बाब्वे के लिए मजह अपना दूसरा टेस्ट खेलने उतरे 21 साल के स्पिनर ब्रायन बेनेट शानदार प्रदर्शन किया। बेनेट ने अफगानिस्तान की पारी में 5/95 का करियर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और इससे पहले जिम्बाब्वे की पहली पारी में नाबाद 110 रन बनाए। इस मुकाबले में रिकॉर्ड की बने लेकिन मैच का नतीजा नहीं आया।

## बन गया 'वर्ल्ड रिकॉर्ड',17 साल के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने यशस्वी जायसवाल को पीछे छोड़ विश्व क्रिकेट में मचाया हड़कंप

● मंथन संवाददाता

**स्पोर्ट डेस्क।** नागालैंड के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई के आयुष म्हात्रे ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे युवा खिलाड़ी के रूप में एक पारी में 150 रन बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। मुंबई के लिए अंगकृष रघुवंशी के साथ ओपनिंग करने उतरे आयुष ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 17 साल 168 दिन के उम्र में 117 गेंदों में 181 रनों की पारी खेलकर यशस्वी जायसवाल का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

इस साल की शुरुआत में शेष भारत के खिलाफ फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू करने वाले आयुष म्हात्रे अपने शानदार बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत को हैरानी में डाल दिया है।



अब तक खेले गए 6 मुकाबले में आयुष ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 441 रन पूरा कर लिया है। विजय हजारे ट्रॉफी में पहली बार शामिल हुए आयुष ने कर्नाटक के खिलाफ 78 रनों की पारी खेलकर अपने काबिलियत का नमूना पेश किया। इससे पहले सबसे कम उम्र में 150 रन बनाने का रिकॉर्ड मुंबई के यशस्वी जायसवाल के नाम था, जिन्होंने साल 2019 में झारखंड के खिलाफ 17 साल 291 दिन की उम्र में ये कारनामा करने की उपलब्धि हासिल की थी।

**लिस्ट ए क्रिकेट में 150+ स्कोर बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी**

- 17 वर्ष 168 दिन - आयुष म्हात्रे (एमयूएम)
- 17 वर्ष 291 दिन - यशस्वी जयसवाल (एमयूएम)
- 19 वर्ष 63 दिन - रॉबिन उथप्पा (केएआर)
- 19 वर्ष 136 दिन - टॉम पर्स्ट (एचएएम)

## विराट कोहली को लेकर बोले इरफान पठान, कहा - 'उन्होंने अपनी खुद की उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया'

**स्पोर्ट डेस्क।** विराट कोहली पिछले लंबे समय से अपनी खराब फार्म को लेकर जूझ रहे हैं। दरअसल बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की इस सीरीज में विराट कोहली का बल्ला एक दम खामोश नजर आया है। मेलबर्न टेस्ट मैच के दौरान भी विराट कोहली ऑप्शन की बॉल को खेलने के चलते स्लिप में कैच थमा बैठे। इसके बाद विराट कोहली की इस गलती को लेकर पूर्व भारतीय खिलाडी इरफान पठान ने बड़ी बात कही है। विराट कोहली को लेकर बोले इरफान पठान, कहा - 'उन्होंने अपनी खुद की उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया' दरअसल पूर्व भारतीय खिलाड़ी इरफान पठान ने विराट कोहली की इस गलती को लेकर कहा कि 'कोहली की यह कमजोरी बहुत पुरानी है, जिसे वह सुधारने में नाकाम रहे हैं।